# बिजली बिल की राशि अधिकृत केन्द्रों पर ही जमा कराएं : डीएम

**दो हितग्राहियों को मिलेगा संबल का लाभ, एक का आवेदन ऑनलाइन करने के निर्देश, पीएम किसान सम्मान निधि के लिए लगाये कैम्प, जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित**

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 24 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा जनसुनवाई करते हुए कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शासन की विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को तत्काल लाभान्वित करने की कार्यवाही की गई, इस दौरान उन्होंने कहा कि उपभोक्ता बिजली बिल की राशि अधिकृत विधुत वितरण केन्द्रों पर ही जमा करायें तथा पावती की रसीद अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। इसके साथ ही बिजली बिल पर प्रकाशित क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता विधुत लाइनमैन को नकद राशि जमा कराने के लिए न दें।



जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे, जनसुनवाई के दौरान कुल 173 आवेदन प्राप्त हुए।

बिजली बिल की राशि अधिकृत केन्द्रों पर ही जमा करायें

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्राम चौपना निवासी केदार मीणा के आवेदन का निराकरण करते हुए कहा कि बिजली बिलों की राशि अधिकृत केन्द्रों पर ही जमा कराई जायें, या फिर क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान किया जायें। आवेदक ने अवगत कराया कि तिल्लीपुर-भोगिका फीडर के लाइनमैन को क्रमशः 15 हजार रूपये एवं 10 हजार रूपये दो बार में बिजली बिल जमा कराने के लिए दिये, लेकिन पैसे जमा नही हुए। इस मामले में आवेदन की जांच के बाद पाया गया कि 15 हजार रूपये की राशि तो रिकार्ड में जमा बताई गई है, लेकिन 10 हजार की राशि ऑनलाइन नही दिख रही है। इस पर बिजली विभाग के अधिकारियों को भुगतान पोर्टल पर एक बार पुनः जांच करने तथा संबंधित लाइनमैन से पूछताछ करने हेतु निर्देशित किया गया।

**दो हितग्राहियों को मिलेगा संबल का लाभ :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा वार्ड 11 निवासी श्योपुर अकरम खान एवं श्रीमती अन्नू बाई को उनके आवेदनों के परीक्षण उपरांत अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत दो-दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत होकर ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से राशि प्राप्त होगी। अकरम खान द्वारा अपनी पत्नि स्व. श्रीमती नगमा बानो की मृत्यु पर दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इसी प्रकार श्रीमती अन्नू बाई निवासी कागजी टोडी श्योपुर द्वारा पति स्व. श्री मोहम्मद शफीक की मृत्यु पर दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। श्रीमती अन्नू बाई को इस दौरान ईपीओ आदेश भी प्रदान किया गया।

### बीपीएल में नाम शामिल करने के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान तहसीलदारों को निर्देश दिये गये कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत पात्र आवेदको के नाम बीपीएल सूची में जोडने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें, उन्होंने कहा कि तहसीलदार उक्त योजना से संबंधित आवेदनों में बीपीएल की आवश्यकता पर आवेदनों का परीक्षण कराने के बाद पात्रता पाये जाने की स्थिति में नाम जोडने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पाण्डोला निवासी धर्मराज बैरवा एवं ग्राम नयागांव ढोढपुर निवासी बंशी बैरवा के नाम बीपीएल सूची में जोडने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि ऐसे बुजुर्ग दंपत्ति जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है तथा पेंशन योजना अंतर्गत बीपीएल की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए नाम जोडने की कार्यवाही की जायें, इसके अलावा गंभीर बीमारियों में चिकित्सकीय आवश्यकताओं के मद्देनजर बीपीएल सूची में नाम जोडना सुनिश्चित करें।

## घरेलू गैस के व्यवसायिक उपयोग पर 6 सिलेण्डर जब्त

**श्योपुर, 24 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा घरेलू गैस सिलेडरो के व्यवसायिक उपयोग पाये जाने पर दो प्रतिष्ठानों से 6 सिलेण्डर जब्त करने की कार्यवाही की गई है। फूड इस्पेक्टर संजीव शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जैन दुग्ध केन्द्र के गोदाम छारबाग श्योपुर से 04 एवं भूपेन्द्र बाथम किराना एवं नाश्ता सेन्टर भोई मोहल्ला श्योपुर से 02 घरेलू गैस सिलेडरो का व्यवसायिक रूप से दुरूपयोग करते पाये जाने पर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 की कण्डिका 3.1(ग) का उल्लघंन होने की स्थिती मे 06 घरेलू गैस सिलेडर जप्त कर श्योपुर गैस ऐजेन्सी की सुपुर्दगी मे दिये गये है एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रेषित किया गया है। सभी प्रतिष्ठान संचालको को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाता है कि घरेलू गैस सिलेडरो का व्यवसायिक उपयोग न करे अन्यथा कठोर कार्यवाही की जावेगी।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विद्यारंभ प्रमाण पत्र एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन होगा

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 24 मार्च।** महिला एवं बाल विकास संचालनालय द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिले की समस्त आंगनबाडी केन्द्रों पर 24 मार्च को ग्रेजुएशन सेरेमनी एवं विद्यारंभ प्रमाण पत्रों के वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

सहायक संचालक रिशु सुमन ने बताया कि आंगनबाडी केन्द्रों मे पंजीकृत 5 से 6 वर्ष के समस्त बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज रूप से स्थानांतरित करने के उद्देश्य से आंगनबाडी केन्द्रों पर 24 मार्च को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदाय किये जायेगे और ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित की जायेगी। आगनवाडी केन्द्रों द्वारा प्रदत्त प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा की महत्ता को रेखांकित करने तथा समुदाय द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों को शिक्षा प्रमाणिक केन्द्र के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रारमिक बाल्यावस्था शिक्षा प्राप्त कर स्कूल में प्रवेश की पात्रता वाले बच्चों को ग्रेजुएशन सेरेमनी का एवं विद्यारंभ प्रमाण पत्रों का वितरण समारोह आयोजन करने व उक्त आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, बच्चों के अभिभावको एवं विद्यालयों के शिक्षको को आमंत्रित करने के निर्देश दिये गये है।

## कलेक्टर ने किया पीएमजीएसवाय सड़कों का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 24 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा आज बडौदा क्षेत्र में पीएमजीएसवाय अंतर्गत पूर्व में निर्मित सडको का निरीक्षण करते हुए उनके संधारण किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये। इस अवसर पर पीएमजीएसवाय के महाप्रबंधक सतेन्द्र चौहान, तहसीलदार सुरेश राठौर आदि उपस्थित थे।

**संधारण कराने के निर्देश, पीएम जनमन में बनेगी कॉलोनी से महाराजपुरा तक नवीन सड़क**



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा आज एल-035 रतोदन से महाराजपुरा, एल-035 रतोदन से कलोनी सहित बडौदा-कुंहाजापुर रोड से बागल्दा तथा केरका-सरजूपुरा रोड का अवलोकन कर सडको की स्थिति का जायजा लिया गया। उन्होंने महाराजपुरा सडक के अवलोकन के दौरान एक स्थान पर गड्ढे की रिपयेरिंग करने के निर्देश दिये, इसके साथ ही बडौदा-कुंहाजापुर रोड से बागल्दा तथा कैरका-सरजूपुरा मार्ग को बीटी कार्य संधारित करने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि बागल्दा तथा कैरका-सरजूपुरा मार्ग की संधारण अवधि क्रमशः 2021 से 2026, 2020 से 2025 है, गांरटी अवधि समाप्त होने से कैरका-सरजूपुरा मार्ग की टेण्डर प्रक्रिया संचालित है, इसी प्रकार बागल्दा रोड की संधारण अवधि 10 वर्ष है। रतोदन से कलोनी तक 1.489 किलोमीटर लम्बे मार्ग की संधारण अवधि 2025 से 2030 तक है तथा उक्त मार्ग संधारित है और अच्छी स्थिति में है। इसी प्रकार रतोदन से महाराजपुरा मार्ग 2.452 किलोमीटर लम्बाई की संधारित अवधि 2025 से 2030 है। उन्होने बताया कि पीएम जनमन योजना के तहत कलोनी से महाराजपुरा तक 1.3 किलोमीटर लम्बाई की सडक स्वीकृत हुई है, यह मार्ग 54 लाख 73 हजार की लागत से बनाया जायेगा।

## विद्यारंभ समारोह, बच्चों ने प्राथमिक शिक्षा की ओर बढ़ाया पहला कदम



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 24 मार्च।** महिला एवं बाल विकास संचालनालय द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिले की समस्त आंगनबाडी केन्द्रों पर ग्रेजुएशन सेरेमनी एवं विद्यारंभ प्रमाण पत्रों के वितरण कार्यक्रम आयोजित किये गये।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी के मुख्य आतिथ्य में कराहल परियोजना अंतर्गत ग्राम ढेगदा के आंगनबाडी केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सहायक संचालक रिशु सुमन, प्राथमिक शिक्षक राधेश्याम सिंह, सुपरवाइजर श्रीमती प्रेमलता मेहरा एवं लर्निंग टीम से खुशाग्र शर्मा और योगेंद्र यादव आदि उपस्थित रहें।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी ने विद्यारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आंगनबाडियों के दर्ज ऐसे बच्चे जिनकी आयु 5 से 6 वर्ष के बीच हो गई है, उनके लिए आंगनबाडी केन्द्रों में ग्रेजुएशन सेरेमनी अर्थात दीक्षांत समारोह आयोजित कर प्राथमिक विद्यालयों में प्रवेश कराया जा रहा है, जिससे वे प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए अग्रसर हो। उन्होंने कहा कि आंगनबाडियों के प्रारंभिक अनोपचारिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद बच्चों के औपचारिक रूप से शिक्षा ग्रहण करने की शुरूआत हो रही है। इस अवसर पर उन्होंने प्रायमरी स्कूल में प्रवेश लेने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया।

सहायक संचालक रिशु सुमन ने प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 3 से 6 वर्ष की आयु बच्चों के समग्र विकास की आधारशिला होती है। इस अवस्था में दी गई गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों के मानसिक, शारीरिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास को सुदृढ़ बनाती है और उन्हें आगे की शिक्षा के लिए सशक्त रूप से तैयार करती है। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों में संचालित गतिविधियों की सराहना करते हुए सभी कार्यकर्ताओं एवं अभिभावकों को इस दिशा में निरंतर सहयोग के लिए प्रेरित किया।

### बच्चों को प्रमाणपत्र वितरित

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उन्हें प्राथमिक शिक्षा के अगले चरण के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

## अमर शहीदों की स्मृति में सड़कों पर उमड़ा सैलाब

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 24 मार्च।** शहीद दिवस के पावन अवसर पर आज श्मेरा युवा भारतश् ;डल् ठींतंजद्ध दतिया एवं शहीद भगत सिंह युवा मंडल इंदरगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया। राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत इस पदयात्रा के माध्यम से युवाओं ने शहीद.ए.आजम भगत सिंहए सुखदेव और राजगुरु के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।



मुख्य अतिथियों का उद्बोधन कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ भारती और वीर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्राचार्य श्री निलय गोस्वामी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा किए ष्शहीद भगत सिंह के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। युवाओं को केवल उनके नारों तक सीमित नहीं रहना चाहिएए बल्कि उनके वैचारिक साहस को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।ष् विशिष्ट अतिथि स्पोर्ट्स ऑफिसर श्री राघवेन्द्र सिंह यादव ने खेल भावना और राष्ट्र सेवा को जोड़ते हुए कहा कि अनुशासित युवा ही एक समर्थ राष्ट्र की नींव रखता है। गणमान्य जनों की उपस्थिति कार्यक्रम में विशिष्ट सहयोग और गरिमामयी उपस्थिति के रूप में निम्नलिखित व्यक्तित्व शामिल रहेरू श्री आंशिक गुप्ता ;नगर अध्यक्ष,ने युवाओं को छात्र शक्ति और राष्ट्र शक्ति के सामंजस्य पर बल दिया। श्री अर्जित चतुर्वेदी ;सहायक प्राध्यापकद्धरू जिन्होंने शहीदों के ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। डॉण् मुकेश कुमार मौर्य ;सहायक प्राध्यापकद्धरू जिन्होंने युवाओं को शिक्षा के माध्यम से देश सेवा करने हेतु प्रेरित किया।

### अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए

कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह युवा मंडल के पदाधिकारियों के द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये। पदयात्रा का मार्ग और जन.उत्साह पदयात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी, जहाँ स्थानीय नागरिकों ने भी पुष्प वर्षा कर पदयात्रियों का उत्साहवर्धन किया। हाथों में तिरंगा लिए और ष्इंकलाब जिंदाबादष् के नारे लगाते हुए श्मेरा युवा भारतश् के स्वयंसेवकों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। संकल्प और समापन शहीद भगत सिंह युवा मंडल इंदरगढ़ के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि वे वर्ष भर सामाजिक सरोकारों और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने वाले कार्यक्रमों का आयोजन करते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रगान गाकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहीद भगत सिंह युवा मंडल के अध्यक्ष दीपक सिंह गुर्जरएगौरव गुर्जर कृष्णपाल चंदेलए जयदीप नामदेव, राम हजूर कुशवाहा, राधा नरवरियाए पलक शर्माए बंटी बघेल लतीफखान आदि लोग उपस्थित रहे।



## तीन हितग्राहियों को मिली 36 लाख रूपये की राशि

**श्योपुर, 24 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा की आमजन के प्रति संवेदनशीलता एवं सहृदयता से कार्य करने की शैली के चलते कूनो वन मंडल के बागचा से विस्थापित तीन हितग्राहियों की 36 लाख रूपये की एफडीआर राशि तत्काल रिलीज किये जाने की कार्यवाही की गई है, तीनों हितग्राहियों की 12-12 लाख की एफडीआर उनके बैंक खातों में राशि जारी करने हेतु बैंक को लिखित में पत्र जारी कर दिया गया है। ग्राम बागचा के विस्थापित बाली आदिवासी, श्रीमती बतुला राठौर एवं मुकेश राठौर निवासी ढेगदा ने कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा को अवगत कराया कि विस्थापन अंतर्गत शासन के प्रावधान के क्रम में उनके द्वारा विकल्प एक का चयन किया था, जिसमें उन्हें 15 लाख रूपये की एक मुश्त राशि कूनो वन मंडल द्वारा प्रदाय की गई।

## मीनेश भगवान की प्रतिमा पुन : स्थापित की जाए

**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 24 मार्च।** नगर में आज रावत समाज के हजारों लोगों ने आंदोलन कर प्रशासन के खिलाफ मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एस डी एम मेघा तिवारी को सौंपा।

**दोषी अधिकारियों पर हो कार्रवाई**

रावत समाज के आंदोलन को देखते हुए प्रशासन ओर पुलिस अधिकारी अलर्ट रहे।

रावत समाज के आराध्य मीनेश भगवान की प्रतिमा को तोड़े जाने के विरोध में आज रावत समाज के हजारों लोगों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जिसमें श्योपुर विधायक बाबू जड़ेंल कांग्रेस के



वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक सुमावली सत्यपाल सिंह सिकरवार ओर विजयपुर से अनिरुद्ध सिंह रावत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल सिंह रावत के साथ साथ मीणा समाज संगठन के अध्यक्ष ओर कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

रावत समाज ने कहा कि इस प्रकार की कार्यवाही को बर्दाश्त नहीं करेगा और हम सभी प्रशासन को 29 मार्च तक का समय देते हैं हमारी माँगे पूरी नहीं हुई तो रावत समाज उग्र आंदोलन करेगा जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी। धरना प्रदर्शन को भीमसेन रावत अध्यक्ष गजेंद्र सिंह रावत एडवोकेट वीर सिंह रावत कांग्रेस महिला नेत्री शशि केमोर सोनेराम रावत पूर्व सरपंच पातीराम रावत अभिषेक पचौरी लोकेंद रावत सुमेर रावत आदि ने संबोधित किया धरना प्रदर्शन घंटे तक चला एस डी एम मेघा तिवारी ने धरना स्थल पर पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन लिया एस डी एम के साथ एस डी ओ पी राज कृष्णा आई पी एस तहसीलदार सीताराम वर्मा टी आई ओर रामपुर टेटरा थाने का पुलिस बल बज्र वाहन को भी तैनात किया गया था प्रशासन को अंदेशा था कि रावत समाज की यह भीड़ सड़को पर आएगी तो नगर की शांति भंग ना हो जाए इसलिए सभी को देपुर गांव पर ही रोक लिया था।

## एक नजर में

### ओछापुरा में क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित



**श्योपुर, 24 मार्च।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था भोलेनाथ समग्र विकास समिति ओछापुरा द्वारा जन अभियान परिषद के अन्तर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समीतियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओछापुरा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती दखोबाई, हायर सेकेंडरी के प्राचार्य राजेश राठौर एवं जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, नवांकुर संस्था से सचिव श्रीनिवास शर्मा, मेंटर श्रीमती प्रियंका मौर्य एवं प्रस्फुटन समितियो के अध्यक्ष सचिव एवं नवांकुर सखी आदि उपस्थित रहे। जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह ने प्रस्फुटन समिति की संरचना एवं प्रस्फुटन समितियो को प्रस्फुटन समिति के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया, साथ ही दस्तावेजो की जानकारी दी एवं जल गंगा संवर्धन एवं वृक्षारोपण बोरीबंधान एवं तालाब के गहरीकरण की जानकारी प्रदान की।

### श्योपुर-शिवपुरी सडक निर्माण अंतर्गत सर्वे कार्य का लिया जायजा



**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा एमपीआरडीसी अंतर्गत बनाई जा रही श्योपुर-शिवपुरी सडक निर्माण के लिए सर्वे कार्य का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित एमपीआरडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि श्योपुर जिले में भी उक्त सडक के निर्माण के लिए जल्द काम शुरू किया जायें तथा निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप इस महत्वपूर्ण सडक का निर्माण कार्य कराया जायें। इस अवसर पर एमपीआरडीसी के एजीएम सुनील पुआरे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा को सर्वे कार्य के निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि 256 करोड 93 लाख रूपये की लागत से कुल 85 .24 किलोमीटर लम्बी टू-लेन सडक का निर्माण कार्य संचालित है, इसके अंतर्गत वर्तमान में शिवपुरी जिले में पोहरी से शिवपुरी तक का कार्य संबंधित एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। उन्होने जानकारी दी कि सडक एलायमेंट तथा शॉल्डर आदि के लिए श्योपुर जिले में सर्वे कार्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। वर्षा उपरांत गोरस से शिवपुरी तक कार्य शुरू हो जायेगा। उन्होंने जानकारी दी कि निर्माण अवधि दो वर्ष है, इस सडक मार्ग को समय सीमा में पूर्ण कराने का कार्य किया जायेगा।

### वंदेमातरम् का पूर्ण गायन आयोजित



**श्योपुर।** वंदेमातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रंखला में 23 मार्च शहीद दिवस से 30 मार्च 2026 तक वंदेमातरम् विशेष चरण कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के नेतृत्व में वंदेमातरम् का पूर्ण गायन संपन्न हुआ। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम वंदेमातरम् के पूर्ण गायन के दौरान अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा आमजन मौजूद रहें। उल्लेखनीय है कि संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वंदेमातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न चरणों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इसी क्रम में 23 मार्च 2026 से 30 मार्च 2026 तक वंदेमातरम् विशेष चरण आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को श्रंद्धाजलि अर्पित करते हुए वंदेमातरम् के इतिहास भाव और राष्ट्रीय चेतना को जन-जन तक पहुंचाना है। इसी क्रम में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वंदेमातरम् का पूर्ण गायन संपन्न हुआ।

### पाण्डोला में एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित



**श्योपुर।** जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था मातेश्वरी सेवा संस्था द्वारा ग्राम विकास समितियां का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण ग्राम पांडोला में पंचायत भवन पर का आयोजित किया गया। जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह ने समितियों की विभिन्न गतिविधियों के बारे मे विस्तार से बताया कि कैसे हम एक समिति के रूप मे गाँव के विकास हेतु कदम बड़ा सकते है, पर्यावरण, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, सफाई अभियान आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। सेक्टर की प्रभारी सुश्री सुविंदर कौर ने सरकारी योजनाओ के बारे में जानकारी प्रदान की। नवांकुर संस्था प्रतिनिधि अविनाश माहौर ने अलग- अलग ग्रामों से आये समितियों एवं सदस्यो का आभार व्यक्त किया एवं जल संरक्षण के तहत शपथ दिलाई गई।



### जल गंगा संबर्धन अभियान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**इंदरगढ़** आज शासकीय महाविद्यालय इंदरगढ़ में जल गंगा संबर्धन अभियान 2026 जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया स कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉण् निलय गोस्वामी ने किया स प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा जल ही जीवन हैंएयह केवल कहावत नहीं है बल्कि हमारे अस्तित्व का आधार हैए यदि जल है तो जीवन है यदि जल नहीं तो जीवन का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा स उन्होंने कहा कि हमारी पवित्र नदी गंगा एक जल धारा नहीं हैंएबल्कि हमारी संस्कृतिएआस्था और सभ्यता की प्रतीक है स सदियों से गंगा नदी ने करोड़ों लोगों को जीवन दान दिया है ए लेकिन आज वही गंगा नदी प्रदूषणए गंदगी और अतिक्रमण जैसी समस्याओं से जूझ रही है स हम सभी को मिलकर यह संकल्प लेना चाहिए कि पानी की हर बूंद को बचाएंगे और जल संरक्षण अभियान को सफल बनाएंगे। टेकचंद भारद्वाज ने कहा जल गंगा संरक्षण अभियान 2026 का उद्देश्य नदियों को स्वच्छ और अविरल बनानाए जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता फैलानाए वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देनाए जल के दुरुपयोग को रोकना है स कार्यक्रम संयोजक डॉण् सरिता सिंह ने कहा आज हमें यह समझना होगा कि जल की हर एक बूँद कीमती है ए हम छोटे छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव ला सकते हैं जैसे नल को खुला ना छोड़नाए वर्षा जल का संचयन करनाए नदियों और तालाबों में कचरा ना फेंकनाए पेड़ पौधे लगाना आदि स कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जिस में अनेक छात्र ध्छात्राओं ने भाग लिया स भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रामहजूर कुशवाह ने प्राप्त कियाए निबंध प्रतियोगिता में छाया जाटव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एपोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में गोलू कुशवाह ने प्राप्त किया एस्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान छाया जाटव ने प्राप्त किया । मंच का संचालन डॉण् सचिन गौरी ने किया और आभार डॉण् सरिता सिंह ने किया एकार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टॉफएवं छात्र ध्छात्रायें उपस्थित रहे।